प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लेंगे तैयारियों का जायजा : महाकुंभ मेला कार्यों की करेंगे समीक्षा।
2. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में आयोजित हुईं श्रद्धांजलि सभाएं : मुख्यमंत्री ने निर्वाण दिवस पर कहा– जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य पर काम कर रही है सरकार।
3. मार्च तक अयोध्या में पूरा हो जायेगा भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण : सोने से सजाया जाएगा मंदिर का शिखर।

और

4. प्रदेश में आज अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत : कन्नौज में 8 तो चित्रकूट हादसे में 6 लोगों ने गंवाई जान।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13दिसंबर को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने और कई परियोजनाओं का लोकार्पण करने प्रयागराज आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों की समीक्षा करने के लिये कल प्रयागराज पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे

को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पेश है एक रिपोट

*प्रयागराज त्रिवेणीसंगम तट पर जनवरी माह से शुरू होने जा रहे महाकुंभ के लिए गंगा पूजन और करोड़ों की परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 07 दिसंबर को प्रयागराज पहुंच रहे है। एक दिवसीय दौरे के अंतर्गत मुख्यमंत्री महाकुंभ क्षेत्र में चल रहे कार्य हनुमान मंदिर कारीडोर अलोपीबाग फ्लाई ओवर गंगा रिवर फ्रंट सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में चल रहे कारीडोर निर्माण का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा प्रयागराज मेला प्राधिकरण कार्यालय मेला अधिकारी और सुरक्षा अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारी और कुंभ मेला कार्यों की प्रगति समीक्षा करेंगे। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दौरे पर प्रयागराज और वाराणसी के बीच के रेलवे ट्रैक दोहरीकरण परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। 8 दिसंबर को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इस परियोजना का निरीक्षण करेंगे।महाकुम्भ के दौरान इस ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा।

—————————

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के आंबेडकर महासभा परिसर में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि

हमारी सरकार गरीबों, वंचितों और दलितां के लिए बाबा साहब के सपने को साकार करते हुए लगातार काम कर रही है। श्रो योगी ने कहा कि वर्तमान में हम जीरो पावर्टी के लक्ष्य पर काम कर रहे है और आने वाले समय में गरीबी को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। बाइट......

*हमने तय किया है जीरो पॉवर्टी का हम लक्ष्य प्राप्त करेंगे यानि गरीबी को पूरी तरह शून्य तक पहुँचाएँगे जिसके पास राशन कार्ड नहीं उसको राशन कार्ड जिसके पास आयुष्मान की सुविधा नहीं उसको पाँच लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा का कवर उपलब्ध करवाएँगे जिसके घर में शासन। की कोई सुविधा तक नहीं पहुँची है उसको करने के बड़े कार्यक्रम को सरकार ने अपने हाथ में लिया है जिससे समाज में गरीबी रेखा की स्थिति को हम समाप्त करके हर एक व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान दे सकेंगे और यही बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का सपना था।*

बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर आज प्रदेश भर में कई कार्यक्रम और श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब की फाटो पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वाराणसी में प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अमरोहा में भी अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। बलरामपुर और हमीरपुर में भी कई संगठनों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारा में गुरु परंपरा के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्री योगी ने उनके बलिदान और स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि सिख पंथ के अनुयायियों ने अपनी साधना और सामर्थ्य से अपनो कौम के साथ पूरे देश को और पूरे सनातन धर्म को न केवल सुरक्षा प्रदान की बल्कि एक लंबे समय के लिए उन्हें अभय भी प्रदान किया।

———————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज अयोध्या में बताया कि मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि मंदिर की शिखर संरचना पर भी काम चल रहा है। शिखर पर सोने की परत चढ़ाई जायेगी। शिखर के सबसे ऊंच बिंदु के नीचे करीब दस फीट तक सोने की पट्टियां लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के लिये मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है और 15 मार्च तक राम मंदिर निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

बाइट..........

*हमारा तत्काल जो प्राथमिकता है वो मंदिर निर्माण पूर्ण करना है जो कि लगभग पंद्रह मार्च तक पूर्ण हो जाएगा। उसी के साथ जो सात मंदिर हैं सप्त मंडप जिसको कहते हैं उसको भी पूर्ण किया जाना है और कम से कम परकोटा का तीन चौथाई कार्य पूर्ण हो जाए। लगभग आप सबसे ऊँचा जो शिखर का होगा उससे नीचे लगभग आप यूं अनुमान लगाएं कि करीब दस फीट तक उसपे स्वर्ण लगाया जाएगा।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

महाकुंभ 2025 के दौरान सरकार द्वारा श्रद्धालुओं पर आकाश से पुष्प वर्षा करने की योजना पर काम हो रहा है। प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि नागा संन्यासियों और अन्य साधु संतों के साथ–साथ श्रद्धालुओं पर भी पुष्प वर्षा किए जाने की योजना है। इससे पहले संगम नोज पर पुष्प वर्षा किए जाने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए संगम नोज के साथ अन्य सभी घाटों पर भी पुष्प वर्षा करने को लेकर चर्चा चल रही है। जल्द ही इस पर कार्य योजना तैयार कर ली जाएगी। गौरतलब है कि सरकार इससे पहले भी कुम्भ, माघ मेला समेत कई धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करती रही है।

——————————

कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन को लेकर आज दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू से कुशीनगर के सांसद विजय दुबे, देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी और राज्यसभा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री आरपीएन सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान एयरपोर्ट के संचालन के लिए केन्द्रीय मंत्री को एक पत्र भी सौंपा। राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्री ने शीघ्र ही एयरपोर्ट संचालन का आश्वासन दिया है।

——————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज कृषि निदेशालय में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। श्री शाही ने योजनाओं का क्रियान्वयन समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, जिससे किसानों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बीज वितरण, एनएफएसएम योजना, खेत तालाब योजना, त्वरित मक्का विकास योजना, परम्परागत कृषि विकास योजना आर मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम सहित अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

——————————

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार कई मल्टी नेशनल कंपनियों के साथ कौशल विकास के क्षेत्र में काम कर रही है। आज लखनऊ में फिक्की के उत्तर भारत स्किल कनेक्ट समिट को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कौशल विकास के लिए हमें आम बोलचाल की भाषा हिंदी का इस्तेमाल करना होगा।

——————————

प्रदेश में आज दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में 14 लोगों की मौत हो गई। कन्नौज जिले में सकरावा थाना क्षेत्र में आज आगरा लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर हुई एक सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और लगभग 18 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब लखनऊ से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस–वे पर वॉटर टैंकर से टकरा गई। घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इस दौरान प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों का बेहतर उपचार कराने के निर्देश दिए। वहीं चित्रकूट में भी झांसी–मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैपुरा में आज एक कार और बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में प्रयागराज से लौट रहे एक ही परिवार के 6 लोगां की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

(समाप्त)